Regarding need to provide special financial assistance for reconstruction of roads and bridges connecting rural areas which are damaged due to natural calamities in Mandi Parliamentary Constituency of Himachal Pradesh-Laid

सुश्री कंगना रनौत **(**मंडी**) :** गत समय मे अत्यधिक वर्षा और बादल फटने की प्राकृतिक आपदा की वजह से मंडी लोकसभा का एक बहुत बड़ा हिस्सा व्यापक क्षति का सामना कर रहा है, मनाली के पास पुल, सड़क, सिराज के आंतरिक क्षेत्र, राष्ट्रीय राजमार्ग 03 भूस्खलन क्षेत्र और जलविद्युत प्रभावित गांवों जैसे महत्वपूर्ण संरचनाएं या तो बह गई या फिर असुरक्षित हो गई है । हिमाचल प्रदेश विश्वप्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र है जहाँ दुनिया के हर कोने से पर्यटकों का सारे वर्ष आना जाना लगा रहता है लेकिन इस बार आई प्राकृतिक आपदा के कारण महत्वपूर्ण संरचनाओ के क्षतिग्रस्त होने के कारण पर्यटकों की आवाजाही मे कमी आई है इसलिए इस क्षेत्र की आधारभूत संरचनाओ को हुए नुक्सान को शीघ्र अतिशीघ्र दुरूस्त करने की महत्ती आवश्यकता है ।

अतः मैं सरकार से मांग करती हूँ कि मंडी लोक सभा मे प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों और ग्रामीण संपर्क मार्गो के पुनर्निर्माण के लिए विशेष वित्तीय सहायता जारी की जाए ।